नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 357, पृष्ठ 12)
अगहन, कृष्ण द्वितीया संवत् 2083
गुरूवार, 26 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

तापमान

भोपाल	9.0°	28.0°
इंदौर	11.0°	29.0°
जबलपुर	9.0°	28.0°
ग्वालियर	11.0°	29.0°
सागर	13.0°	28.0°



राजधानी... मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल से की...



व्यापार... 2027 तक सोने का अंतर्राष्ट्रीय भाव 4,650 डालर प्रति..



खेल... जहीर खान की नई पहल इक्वल से क्रिकेट में ...



देश-विदेश... माइली साइरस ने बायफ्रेंड मैक्स मारांडो के साथ ...

खास-खबरें

हमास कमांडर, पत्नी व दो बच्चों की मौत

गाजा, एजेंसी: इजराइली सेना ने बुधवार को गाजा में हमास के अधिकारी मोहम्मद अबुएलौफ के आवास पर हमला किया। इस हमले में अबुएलौफ, उनकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। बताया गया कि हमले में आवास पूरी तरह तबाह हो गया। मोहम्मद अबुएलौफ हमास के आंतरिक सुरक्षा विभाग में अधिकारी थे। पिछले 24 घंटे में इस विभाग से जुड़े दूसरे बड़े अधिकारी की भी इजराइली हमले में मौत हुई है। मंगलवार को विभाग के प्रमुख नईम अबू नाहेल मारे गए थे।

विमान समुद्र में गिरा, दो बच्चों समेत छह की मौत

मिसिसिपी,एजेंसी: अमेरिका के मिसिसिपी के पास मंगलवार को विमान हादसे में दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई। विमान न्यू ऑरलियन्स से फ्लोरिडा जा रहा था, तभी समुद्र में गिर गया। बताया गया कि उड़ान भरने के करीब आधे घंटे बाद विमान से संपर्क टूट गया। विमान अचानक नीचे गिरने लगा और समुद्र में समा गया। हादसे के बाद संबंधित अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

राहुल की संपत्ति जांचने का आदेश रद्द

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राहुल गांधी की संपत्ति की केंद्रीय जांच एजेंसियों से जांच कराने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया। न्यायालय ने मामले को वापस हाईकोर्ट भेजते हुए राहुल गांधी का पक्ष सुनने के बाद नए सिरे से फैसला करने को कहा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह निर्णय दिया। मई में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर जांच के निर्देश दिए थे। राहुल गांधी ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

60 साल पुराने जहरीले विस्फोटक को नष्ट किया

आयोवा, एजेंसी: अमेरिका के आयोवा राज्य में सेना ने करीब 60 साल पुराने पांच टन जहरीले विस्फोटक को नियंत्रित धमाके से नष्ट कर दिया। मिडलटाउन स्थित सैन्य गोला-बारूद कारखाने में दो बंकरों में विस्फोट किया गया। इसके बाद सफेद और धूसर धुएं का गुबार उठा, जिसके 160 किलोमीटर तक फैलने की आशंका जताई गई। सेना ने कारखाने के दक्षिण-पश्चिम दिशा में करीब आठ किलोमीटर क्षेत्र के लोगों को सतर्क रहने को कहा था।

मोदी कैबिनेट में निर्णय: देश में बनेंगी बुलडोजर व सुरंग खोदने वाली मशीनें

बांग्लादेश सीमा से 20 किमी दूर असम में बनेगा हवाई अड्डा



नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पांच बड़े फैसले लिए गए। इनमें असम के सिलचर में नए हवाई अड्डे का निर्माण, देश में निर्माण उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देना, तमिलनाडु में कंटेनर टर्मिनल का विस्तार और डाक विभाग की योजनाओं को जारी रखने से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं।

कैबिनेट ने असम के सिलचर स्थित डोलू में नए हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर करीब 2014 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्रस्तावित हवाई अड्डा बांग्लादेश सीमा से लगभग 20 किलोमीटर दूर होगा। इसकी वार्षिक यात्री क्षमता करीब 10 लाख होगी। इससे क्षेत्र में हवाई संपर्क, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

सरकार ने बुलडोजर, क्रेन और सुरंग खोदने वाली मशीनों सहित भारी निर्माण उपकरणों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए अगले आठ वर्षों में 11 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, इन मशीनों की मांग बढ़ रही है और देश में जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से पूरा होता है। जांच केंद्र स्थापित करने के लिए वाहन अनुसंधान एवं विकास संस्थान को 375 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। तमिलनाडु के कामराजार बंदरगाह पर सार्वजनिक और निजी भागीदारी के तहत दूसरा कंटेनर टर्मिनल बनाया जाएगा। इस परियोजना पर करीब 4288.26 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

कैबिनेट ने डाक संचालन योजना को 2030-31 तक जारी रखने के लिए 1141 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

वहीं, डाक विभाग के भवनों और सुविधाओं में सुधार के लिए संपदा प्रबंधन योजना के तहत 2026-27 से 2030-31 तक 1491 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में मांगी माफी

नईदुनिया ब्यूरो, मदुरैः तमिलनाडु के मदुरै स्थित तिरुपरंकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने के विवाद को लेकर राज्य सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगी। मदुरै के जिलाधिकारी ने हलफनामे में बताया कि सरकार ने पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाने का प्रयास किया, लेकिन मंदिर प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी। सरकार के अनुसार, मंदिर प्रशासन ने स्तंभ पर दीप जलाने को स्थापित परंपराओं और धार्मिक रीति-रिवाजों के विरुद्ध बताया। इसके बाद दीप पारंपरिक स्थान पर जलाया गया। सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर को आदेश दिया था कि कार्तिक पूर्णिमा पर 24 नवंबर को दीपथून पर दीप जलाया जाए। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने आदेश का पालन नहीं किया। याचिकाकर्ता राम रविकुमार के वकीलों ने अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की।

मिस यूनिवर्स का ताज, माँ तुझे सलाम!

प्यूर्टो रिको की जेनिफर ने जीता खिताब

- भारतीय कारीगरों की बारीक कढ़ाई से सजा विशेष गाउन पहना



सैन जुआन, एजेंसी: प्यूर्टो रिको की जेनिफर बैरेटो मिस यूनिवर्स-2026 चुनी गई हैं। 25 नवंबर को राजधानी सैन जुआन में आयोजित प्रतियोगिता के 75वें आयोजन में उन्हें विजेता घोषित किया गया। जेनिफर इस खिताब को जीतने वाली पहली शादीशुदा महिला और मां हैं। उन्हें मिस यूनिवर्स-2025 की विजेता मैक्सिको की फातिमा बॉश ने ताज पहनाया। जेनिफर ने प्रतियोगिता में भारतीय कारीगरों की बारीक कढ़ाई से सजा विशेष गाउन पहना था। उन्होंने फरवरी 2026 में पहली बार मंच पर प्रस्तुति दी थी और जून में मिस यूनिवर्स प्यूर्टो रिको का खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने करीब 30 किलो वजन भी घटाया। उनकी जीत के साथ प्यूर्टो रिको ने छठी बार मिस यूनिवर्स का ताज हासिल किया। डोमिनिकन गणराज्य की मेलिसा नुनेज प्रथम उपविजेता और वेनेजुएला की क्लारा वेगास द्वितीय उपविजेता रहीं। इसमें भारत की 19 वर्षीय काजिया लिज मेजो ने भी हिस्सा लिया। 116 देशों और क्षेत्रों की प्रतिभागियों के बीच मुकाबले में वह शीर्ष 30 तक पहुंचीं।

ट्रम्प का भारत पर 25 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव

- चीन पर 40 और वियतनाम पर 35 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की योजना



वॉशिंगटन, एजेंसी: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन भारत से आने वाले सामान पर 25 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने भारत समेत 14 देशों पर नए शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव के तहत चीन पर सबसे अधिक 40 प्रतिशत और वियतनाम पर 35 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। भारत समेत सात देशों पर 25 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की योजना है।

बांग्लादेश, यूरोपीय संघ, जापान, स्विट्जरलैंड और सिंगापुर पर 20 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। अमेरिकी प्रशासन का आरोप है कि संबंधित देश जरूरत से अधिक सामान का उत्पादन कर कम कीमत पर वैश्विक बाजार में बेच रहे हैं।

मुखर्जी की सलाह पर भाजपा में आया: शुभेंदु



नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता: पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने उन्हें तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में आने की सलाह दी थी। उन्होंने मंगलवार को कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। शुभेंदु ने बताया कि राष्ट्रपति बनने के बाद जब वह प्रणब मुखर्जी से मिलने राष्ट्रपति भवन गए थे, तब दोनों के बीच राजनीतिक चर्चा हुई थी।

डॉ. यादव ने केंद्रीय वित्त सीतारमण से की सौजन्य भेंट



भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से सौजन्य भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश से संबंधित विभिन्न लंबित वित्तीय विषयों, प्रदेश की विकासात्मक प्राथमिकताओं तथा राज्य के आर्थिक हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डॉ. यादव ने उन्हें प्रदेश के समग्र विकास, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विषयों से भी अवगत करवाया।

पाकिस्तान ने पहली बार अपने नागरिक को अंतरिक्ष पहुँचाया

बीजिंग, एजेंसी: पाकिस्तान के मोहम्मद जीशान अली अंतरिक्ष में पहुंचने वाले देश के पहले नागरिक बन गए हैं। वे बुधवार सुबह भारतीय समयानुसार 5:48 बजे चीन के प्रक्षेपण केंद्र से अंतरिक्ष के लिए रवाना हुए। करीब तीन घंटे 38 मिनट की यात्रा के बाद सुबह 9:26 बजे वे चीन के तियांगोंग अंतरिक्ष केंद्र पहुंच गए। जीशान अली चीन के शेनझोउ-24 अभियान का हिस्सा हैं। उनके साथ चीन के दो अंतरिक्ष यात्री तांग होंगबो और वू यी भी शामिल हैं।

कहा- युवाओं को झूठ पसंद नहीं, वे सच बोलने वालों के साथ

भारत को बाहरी दुश्मनों से ज्यादा अंदरूनी खतरों से सतर्क रहने की जरूरत: भागवत



नईदुनिया ब्यूरो, छत्रपति संभाजीनगरः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि आज के युवाओं को झूठ पसंद नहीं है। वे सच बोलने वाले लोगों के साथ खड़े होने को तैयार रहते हैं। युवा देश को महान बनाना चाहते हैं और गुलामी की सोच से बाहर निकल चुके हैं। भारत को बाहरी दुश्मनों से अधिक अंदरूनी खतरों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। भागवत महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में पांचवें पद्मा उत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख सैन्य अधिकारी जनरल अनिल चौहान भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि भारत की सोच दुनिया से अलग है। देश सभी की मदद करना चाहता है, यहां तक कि उन पड़ोसी देशों की भी जो भारत से नफरत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत अपनी शक्ति का इस्तेमाल कमजोर लोगों की रक्षा और शांति कायम करने के लिए करना चाहता है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम में जनरल अनिल चौहान ने कहा कि वैश्विक सुरक्षा परिस्थितियां संवेदनशील दौर से गुजर रही हैं और दुनिया में शक्ति संतुलन बदल रहा है।

पानी के अंदर रहस्यमयी दुनिया, तस्वीर ने खींचा ध्यान

- धरती के भीतर जल और चट्टानों के अनोखे दृश्य

मेक्सिको, एजेंसी: धरती की सतह के नीचे भी प्रकृति की ऐसी दुनिया मौजूद है, जो अपने रहस्य और सुंदरता से लोगों को आश्चर्यचकित कर देती है। मेक्सिको की तुलुम गुफाओं की एक तस्वीर ने इसी अनदेखी दुनिया की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अंधेरे में छिपे पानी, चट्टानों और भूमिगत संरचनाओं का दृश्य प्रकृति की अद्भुत रचना को दर्शाता है। मेक्सिको के तुलुम क्षेत्र में स्थित गुफाएं अपनी प्राकृतिक संरचना और भूमिगत जल व्यवस्था के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां चट्टानों के बीच फैली जलधाराएं और गुफाओं के भीतर मौजूद प्राकृतिक आकृतियां एक अलग ही संसार का अनुभव कराती हैं। इन गुफाओं में सूर्य की रोशनी सीमित पहुंचती है, जिससे भीतर का वातावरण रहस्यमयी दिखाई देता है। तुलुम



क्षेत्र में भूमिगत जल से जुड़ी गुफाओं और प्राकृतिक जलमार्गों का विस्तृत तंत्र मौजूद है। इन संरचनाओं का निर्माण लंबे समय तक चट्टानों में पानी के प्रवाह और प्राकृतिक प्रक्रियाओं के कारण हुआ है। गुफाओं के भीतर पानी और चट्टानों का संयोजन ऐसे दृश्य तैयार करता है, जो सामान्य रूप से धरती की सतह पर देखने को नहीं मिलते। इस तस्वीर ने प्रकृति के उन हिस्सों को सामने लाने का काम किया है, जिन्हें बहुत कम लोग देख पाते हैं। भूमिगत गुफाएं केवल सुंदर प्राकृतिक दृश्य ही नहीं, बल्कि भूवैज्ञानिक इतिहास, जल संरचनाओं और पर्यावरणीय महत्व को समझने का माध्यम भी हैं।

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

भारत ने जापान को हराया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2026 में बुधवार को भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान को 4-0 से हरा दिया। भोपाल में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान अपना दबदबा बनाए रखा। टीम की ओर से लालरेम्सियामी, दीपिका और नेहा ने गोल कर जीत में अहम योगदान दिया।



भारत-जापान मुकाबला नारी शक्ति को समर्पित रहा। इसके लिए स्टेडियम का एक पूरा दर्शक दीर्घा महिलाओं के लिए आरक्षित रखा गया था। दिन के अन्य मुकाबलों में मलेशिया ने थाईलैंड को 4-0 से हराया, जबकि चीन ने कोरिया पर 1-0 से जीत दर्ज की।

चीन और कोरिया के बीच मुकाबले में चीन की काई वेनच्येन ने 23वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन कोरिया बराबरी का गोल नहीं कर सका। चीन ने एक गोल की बढ़त के साथ मैच अपने नाम किया। दिन के पहले मुकाबले में मलेशिया ने थाईलैंड को शिकस्त दी। मैच के शुरुआती तीन चरणों में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। चौथे चरण में मलेशिया ने चार गोल दागकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। नुरामिराह जुल्किफ्ली और नूर अजह ने दो-दो गोल किए। लीग चरण के बाद 27 नवंबर को स्थान निर्धारण के लिए तीन मुकाबले होंगे। इसके बाद 28 नवंबर को शाम 4:30 बजे कांस्य पदक और शाम 7 बजे स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला खेला जाएगा। इसके साथ ही भोपाल में आयोजित दस दिवसीय महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का समापन होगा।

